निगम आयुक्त ने 20 कर्मचारियां◌े को सम्मान के साथ दी विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम के भिलाई नगर के सभागार में विदाई समारोह हुआ।जहां निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने सहायक अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, पंप सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित कुल 20 कर्मचारियों को श्रीफल, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना के साथ विदाई दी। इस मौके पर आयुक्त श्री रघुवंशी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा कार्य की सराहना की। उनकी पेंशन का शीघ्रता से भुगतान कराने की बात कही। वहीं निगम उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने भी कर्मचारियों की सेवा कार्य की सराहना की। उपायुक्त श्री लहर ने कहा कि निगम में मार्च 2020 से जून 2020 तक 20 कर्मचारियों ने 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया था। कोविड-19 के संक्रमण की वजह से निर्धारित तिथियों में विदाई समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका। आज सेवानिवृत्व होने वाले सभी कर्मचारियों के सम्मान में यह आयोजन किया गया है। ये हुए सेवानिवृत्तगंगाराम निषाद पिता गुहरी राम पंप सहायक, लेड़गा राम देवांगन, पिता आनंद राम देवांगन माली, प्रबोध कुमार वासनिक, पिता स्व बिसाहू राम वासनिक प्रोसेस सर्वर , चिंता राम बंजारे, पिता रतनलाल बंजारे सहायक अधीक्षक, अधन पिता फिरंता पंप सहायक , गणपत राम वर्मा पिता स्व जगदीश प्रसाद माली, चुन्नीलाल पिता इठोबा सफाई कामगार , रमा बाई पति केजूराम सफाई कामगार , दुबेलाल सेन पिता महेशराम सेन राजस्व उप निरीक्षक , मेहत्तर राम पिता समारूराम स्वच्छता पर्यवेक्षक, किशोर कुमार खिरोड़कर पिता श्रीरंग पंप सहायक , चंदन बाई पति बसंत कुमार चैकीदार , संतराम पाटिल पिता गंगुराम चैकीदार , घसिराराम भारती पिता डोमार सिंह पंप सहायक , चंद्रिका प्रसाद पिता नरसिंह प्रसाद राजस्व निरीक्षक , राधेलाल भोजवानी पिता फेरहाराम चालक , जसपाल कौर पिता पूरन सिंह सहायक ग्रेड- 3, कुंदन तिवारी पिता गोपाल तिवारी सफाई कामगार , राधेश्याम साहू पिता लखनलाल सफाई कामगार, पोलैया पिता रामैया सफाई कामगार को सम्मान के साथ विदाई गई। इस मौके पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामेश्वर चंद्राकर , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , प्रवक्ता संजय शर्मा, शरद दुबे, जावेद अली, वकील अहमद, अजय शुक्ला, उषा शर्मा, रीता यादव सहित अन्य मौजूद रहे।